53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.4°c
अधिकतम 32.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:40, सूर्यास्त - 7:10 | वर्ष : 53/अंक : 213 | रविवार, 03 अगस्त 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कभी-कभी इंसान गलत नहीं होता, परन्तु उसकी परिस्थिति उसे गलत साबित कर देती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**


हमारे विकास के आंकड़े सुनकर ये सपा वाले तो साईकिल उठाकर भाग जाएंगे : मोदी



बशर्ते कि....साईकिल के किसी पहिये में पंक्चर न हुआ हो...

# बेशर्मी की हदें पार : अब अस्पताल में मजदूर से ही मांग लिये 11 हजार







मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। सरकार के बड़े-बड़े दावे गरीबों के प्रति बड़ी-बडी संवेदनाएं इन सबको बड़ी आसानी से कुचल रहा है प्रत्येक विभाग और भ्रष्टाचार की पोल खोलने में खुद को ही शर्म आने लगी है। सरकारी महकमे इतने निम्न स्तर पर पहुंच जाएंगे कि न मजदूर के कपड़े देखेगें न उसकी शक्ल न उसकी जेब। बस ध्यान रहेगा अवैध रूप से किसी भी तरह पैसा कमाने पर। जी हां फिर एक बार यह बात सुनने में अजीब लग रही होगी, मगर बुलेटिन कोई भी बात बिना साक्ष्यों के छापने वाला नहीं है। जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन के नाम पर पैसा लेने की चर्चाएं आए दिन सामने आती रहती हैं, मगर इसका प्रकाशन तब तक नहीं किया जाता, जब तक गवाह खुद साक्षात्कार देकर यह न बता दे कि हां उसके साथ ऐसा हो रहा है। जिला चिकित्सालय में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला मायादेवी पत्नी रमेश यूट्रेस की रसोली का ऑपरेशन कराने के लिए भर्ती हुई थी। उसे आसानी से भर्ती कर लिया गया और जैसे ही शुक्रवार की रात को ग्लूकोज लगाया गया और सारी जांच पूरी करके धीरे से कानों में कहा गया कि 11 हजार रुपये का इंतजाम कर लो। मायादेवी के पति रमेश कुमार को सीधा-सीधा यह बात कहने के बाद दोनों को करंट सा दौड़ गया, क्योंकि रमेश कुमार कोई 50-60 हजार की नौकरी करने वाला नहीं, बल्कि भट्टे पर मजदूरी करने वाला व्यक्ति था। उसने डॉक्टर से कहा कि बाबूजी मैं 11 हजार रुपये कहां से लाऊंगा, इस पर डॉक्टर ने हाथोंहाथ फैसला लिया और पहले मायादेवी की ड्रिप उतारी गयी, उसके बाद बहाना बना दिया गया कि कल तुम्हारे सारे टेस्ट दोबारा होंगे, उसके बाद तुम्हारा ऑपरेशन होगा। कुल मिलाकर गरीब को अस्पताल से चलता करने की पूरी तैयारी कर ली गयी। इसी बीच शनिवार की सुबह 8:30 बजे बुलेटिन को इस बात की पूरी जानकारी व्यापार मण्डल से जुड़ी समाजसेवी अलका शर्मा द्वारा दी गयी और उन्होंने 10 बजे बुलेटिन टीम को जिला चिकित्सालय पहुंचने के लिए कहा। टीम के मौके पर पहुंचते ही सबकुछ ठीक हो गया और चंद मिनटों में ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी गयी। सकुशल दोपहर बाद तक 65 वर्षीय गरीब महिला मायादेवी का ऑपरेशन हो चुका था। और मायादेवी के पति व समाजसेवी अलका शर्मा ने इस बात के लिए बुलेटिन का धन्यवाद किया कि उनकी टीम के आने से एक गरीब को न्याय मिल गया। ऐसे में बुलेटिन का कहना यह था कि एक गरीब को तो न्याय मिल गया मगर जो सैकड़ों लोग निःशुल्क उपचार की राह में जिला चिकित्सालय आते हैं, उन्हें न्याय दिलाने में नगर का कौन सा नेता काम करेगा?

## इस मामले में सीएमएस का भी रटा-रटाया बयान सुन लीजिए

मुजफ्फरनगर। आपको बता दें कि इस मामले में समाजसेवी अलका शर्मा द्वारा जब सीएमएस संजय वर्मा को लिखित में शिकायत देने के लिए कहा तो सीएमएस ने इस मामले में हस्तक्षेप किया और मायादेवी का निशुल्क ऑपरेशन भी करा दिया। और अपना रटा-रटाया बयान देते हुए कहा कि जल्द ही इस मामले की जांच की जाएगी और पैसा मांगने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इतना ही नहीं दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कदम उठाया जायेगा ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

# कांवड़ यात्रा के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने वाले दो ज़ाहिल और गिरफ्तार



मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। आपको बता दें कि कांवड़ यात्रा के दौरान ककरौली थाना क्षेत्र के कई मुसलमानों ने मिलकर साजिश रचते हुए साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने का भरसक प्रयास किया था। इस मामले में यदि डीआईजी अभिषेक सिंह व एसएसपी संजय कुमार वर्मा हाथोंहाथ संज्ञान ने लेते तो वास्तव में कोई बड़ी घटना घटित हो सकती थी। ककरौली के मुस्लिम समाज के लोगों ने पांच ग्रुपों में पाकिस्तान से जुड़ी वीडियो मुरादाबाद और मंसूरपुर की बताकर यह फैलाने की कोशिश की थी कि बजरंग दल के लोगों ने मंसूरपुर गांव के निकट 12 से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। इसकी ऑडियो वायरल करने के साथ-साथ वीडियो व फर्श पर पड़े खून से लथपथ नाबालिग व अन्य कई लोगों को दिखाया गया था। इस मामले में कार्यवाही करते हुए 15 लोग पुलिस ने अब तक पकड़े हैं, जबकि आज शनिवार को इनकी संख्या 17 हो गयी। शनिवार को ककरौली पुलिस ने दानिश निवासी रहमतनगर थाना खालापार व मौहम्मद इमरान, कादिर निवासी मिलख बूझपुर आशा थाना मूडापांडे, मुरादाबाद को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि ज़ाहिल दानिश ने व्हाट्सएप ग्रुप आवाज ए मुजफ्फरनगर न्यूज व आरोपी मो. इमरान कादिर ने व्हाट्सएप ग्रुप आलाहजरत में वीडियो व ऑडियो को वायरल किया था। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने दो मोबाइल बरामद किए हैं और दोनों आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है।

## दूसरी तारीफ सुनिए पकड़े गए आरोपी मौहम्मद इमरान कादिर की

मुजफ्फरनगर। बड़ी ही शर्म की बात है कि यह जाहिल भी धार्मिक स्थल में इमामत का काम करता है। वर्तमान में वह जमानत में मुजफ्फरनगर आया था। न जाने कैसी जमात और कैसी इमामत यह कादिर भी करता होगा। सच तो यह है कि ऐसे ज़ाहिल लोग अपनी कौम की बदनामी तो कर ही रहे हैं साथ ही यह भी दर्शा रहे हैं कि इनकी कौम में कितने प्रतिशत लोग इस तरह के जाहिल होंगे, जो देश में नफरत फैलाने का ही काम करते हैं और एक दिन ऐसे लोग कब आतंकी बन जाएं, यह कह पाना मुश्किल है।

## पकड़ा गया आरोपी दानिश पढ़ा-लिखा ज़ाहिल बीएड पास है

मुजफ्फरनगर। आपको बता दें कि कांवड़ यात्रा के दौरान साम्प्रदायिकता फैलाने वाले 17 मुसलमानों में से दानिश बीएड पास है, मगर ज़ाहिलता की हदें तो तब पार होती हैं, जब इतना पढ़ने के बाद भी जिहाद का भूत ऐसे लोगों के सिर चढ़कर बोलता है। आपको सुनकर शायद हैरानी होगी कि बीएड पास ज़ाहिल दानिश खालापार के मदरसे में बच्चों को पढ़ाता है। ऐसे में यह तस्वीर भी साफ है कि मदरसों में नन्हें बच्चों को ऐसे लोग क्या शिक्षा देते होंगे और कैसी पढ़ाई मदरसों में होती होगी। मानें न मानें धीरे-धीरे छोटे-छोटे बच्चों के दिलों में नफरत भरने के अलावा ऐसे लोग कुछ नहीं करते होंगे।

# कश्मीर के कुलगाम में दो आतंकी ढेर, एक का नाम था हिट-लिस्ट में



कुलगाम, 2 अगस्त (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है। हारिस आज सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है। कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच कल रात से मुठभेड़ शुरू हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ 'ऑपरेशन अखल' को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद शुक्रवार शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए इलाके में और सिक्योरिटी फोर्सेज को भेजा गया है। जम्मू-कश्मीर में इस हफ्ते की यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले, 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था। 31 जुलाई को पुंछ में एलओसी के पास दो और आतंकी घुसपैठ के दौरान मारे गए थे।

# फर्जी वीडियो वायरल कर दहशत फैलाने के चार आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग की एक पुरानी वीडियो नई बताकर वायरल करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चारों आरोपी अब अपनी गलती की माफी मांगते फिर रहे हैं। दरअसल मीरापुर खुर्द में बदमाश दिखाकर और बताकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया गया था, जिसमें बदमाशों को खेतों के अंदर से ग्रामीणों पर फायरिंग करते हुए दिखाया गया है। उक्त वीडियो मीरापुर खुर्द की थी ही नहीं। इस मामले में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि उक्त वीडियो पूर्णतः फर्जी है। उक्त मामले के खुलासे की जिम्मेदारी खतौली पुलिस को सौंपी गयी थी। खतौली पुलिस ने उक्त मामले में जांच कर चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने हाथोंहाथ अपनी गलती स्वीकार की। पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ शांतिभंग में कार्यवाही करते हुए उनका चालानी प्रक्रिया शुरू कर दी। खतौली कोतवाल ने आमजन से अपील की कि किसी भी तरह की भ्रमित करने वाली वीडियो से अफवाहों में न आएं, जब तक उक्त वीडियो की सोशल मीडिया पर पुष्टि न हो जाए, तब तक उसे किसी भी ग्रुप में प्रसारित न करें, नहीं तो ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल उक्त वीडियो प्रसारित करने वाले शुभम पुत्र रेगा सिंह निवासी खेड़ा चौगांवा, थाना जानसठ, गुड्डू राठी उर्फ भगत सिंह पुत्र इन्द्रपाल निवासी खानूपुर खतौली, प्रतीक पुत्र आशीष, यश जाट पुत्र मनोज कुमार निवासी खानूपुर, थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया है।




# उल्टा चोर कोतवाल को डांटे, प्रेमी के साथ पकड़ी भी गई और उल्टा पति पर ही कर दिया हमला



मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। आपने कहावत तो सुनी होगी कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे, इस कहवात को यथावत सिद्ध करते हुए एक मामला जनपद के खालापार थाना के अतर्गत आने वाले गांव सुजड़ू से सामने आया है। वेल्डिंग का काम करने वाले मोहम्मद आसिफ पर उनकी पत्नी ने चाकू से तीन बार हमला कर दिया। इस हमले में आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब आसिफ मीनाक्षी चौक के एक होटल से खाना लेकर घर पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्होंने अपनी पत्नी सायरा को किसी अन्य व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया। आसिफ के विरोध करने पर पत्नी ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। उन्हें दो चाकूबाज पर और एक चाकू सीने पर लगा। घायल अवस्था में उन्हें अर्द्धनग्न हालत में अस्पताल भेजा गया। पीड़ित आसिफ ने बताया कि उनकी शादी चार साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव विज्ञाना की रहने वाली है। आसिफ का आरोप है कि उनकी पत्नी का शादी से पहले ही किसी के साथ संबंध था। वह ढाई साल सऊदी अरब में काम करके हाल ही में लौटे हैं। आसिफ ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी जान का भी खतरा है। अस्पताल के इमरजेंसी इंचार्ज डॉक्टर उमंग सिंघल ने बताया कि आसिफ पुत्र जहिर की स्थिति अब सामान्य है और उनका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मेरठ में बाइक सवार बदमाशों ने युवक की गोली मारकर की हत्या

मेरठ, 2 अगस्त (एजेंसी)। सरधना के लोकप्रिय रोड पर शुक्रवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात में बाइक सवार दो हमलावरों ने 28 वर्षीय युवक विनय की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक विनय (28), पुत्र रामपाल, सरधना के मोहल्ला धर्मपुरी, ईदगाह रोड का निवासी था। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने दोस्त सागर के साथ लोकप्रिय रोड पर खड़ा था। इसी दौरान दो अज्ञात युवक बाइक पर सवार होकर आए और विनय के सिर में गोली मार दी। गोली लगने से विनय की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर गोली चलाने के बाद तुरंत फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सरधना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# पुलिस ने चार हथियार तस्करों को किया गिरफ्तार





मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। शनिवार को पुलिस लाइन में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि चरथावल-न्याजूपुरा मार्ग पर कुछ लोग अवैध हथियारों की डिलीवरी करने के लिए खड़े है। इस पर शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने टीम के साथ बाइक व स्कूटी पर सवार सुभाष उर्फ कालू निवासी गांव जौली थाना भोपा, हुसैन खान उर्फ हुसैन मौहम्मद निवासी सदर बाजार करनाल, मूल निवासी सईद छपरा, थाना इन्दी, जनपद करनाल, हरियाणा व नासिर हुसैन निवासी जयहिन्द नगर, बरखेड़ा पढानी, थाना गोविन्दपुरा, जनपद भोपाल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने 3 पिस्टल, 1 रिवॉल्वर, 5 तमंचे, 2 मस्कट व 4 मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह हथियार कूकड़ा, थाना नई मंडी के रहने वाले सुधीर से खरीदे थे।

आरोपियों की दी गयी जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपी सुधीर को भी जौली रोड से एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से 32 बोर के चार पिस्टल, एक 9 एमएम का पिस्टल, पांच तमंचे, दो मस्कट व दो वाहन बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में आरोपी सुभाष उर्फ कालू ने बताया कि वह कम कीमत में अन्य प्रान्तों से अवैध शस्त्र लाता था और अच्छी कीमत पर आगे बेचकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी हुसैन खान व नासिर खान पकड़े गए सुभाष से अवैध हथियार खरीदते थे। यह लोग आरोपी सुभाष को पैसे देकर अवैध हथियारों की बुकिंग करते थे। उसके बाद अवैध हथियारों को हरियाणा व पंजाब राज्यों में ऊंचे दामों में बेच रहे थे। मुनाफे में तीनों की हिस्सेदारी होती थी। पकड़े गए आरोपी सुधीर ने भी सुभाष से ही पिस्टल खरीदी थी।

## हौसला अफजाई के लिए पुलिस टीम को एसएसपी ने की 21 हजार इनाम की घोषणा

मुजफ्फरनगर। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम की हौसला अफजाई के लिए टीम में शामिल एसआई मोहित कुमार, हैड कांस्टेबिल अमित तेवतिया, रोहित कुमार, कांस्टेबिल मुनेन्द्र कुमार व संदीप कुमार को 21 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। 23 फरवरी 2020 को सिखेड़ा क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग का बहला फुसलाकर अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी मोहसीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 1 लाख 20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की धनराशि में आधी धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए है। कोर्ट में सभी गवाह अपने बयानों से मुकर गए थे। आरोपी का डीएनए मैच होना सजा का आधार बना है।

शनिवार को डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी विनय अरोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी 2020 को सिखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़ित परिवार के लोग मकान में सोए हुए थे। रात्रि में पीड़िता के पिता की आंख खुली, तो उसकी बेटी घर से गायब थी। पिता ने अपने पड़ौसियों सहयोग से रात्रि में बेटी को काफी तलाश किया, तो बेटी क्षेत्र के जगल में एक ट्यूबवैल के निकट नग्न अवस्था में मिली। आरोपी मोहसीन निवासी सिखेड़ा परिवार के लोगों को देखकर मौके से फरार हो गया। बेटी ने परिजनों को बताया कि आरोपी मोहसीन ने उसका जबरदस्ती घर से अपहरण कर लिया और खेत में लाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई विशेष पोक्सो कोर्ट नम्बर-2 की न्यायाधीश दिव्या भार्गव की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद आरोपी को आजीवन कारावास की सजा व 1 लाख 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इतना ही कोर्ट ने जुर्माने की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश पारित किये हैं। एडीजीसी विनय अरोरा ने बताया कि इस मामले में सरकारी गवाहों को छोड़कर अन्य सभी गवाह कोर्ट में अपने बयानों से मुकर गए थे। पुलिस ने पीड़िता व आरोपी को डीएनए टेस्ट कराया था। आरोपी का डीएनए मैच होने पर कोर्ट में इस बात का रखा गया। डीएनए मैच होने पर कोर्ट ने आरोपी को सजा का हकदार माना। इसी आधार पर आरोपी मोहसीन को को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## नाबालिग से कुकर्म प्रकरण में साधु को पॉक्सो कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। 12 जुलाई 2023 को एक गांव के 14 वर्षीय बच्चे से दुष्कर्म के मामले में धार्मिक स्थल के साधु को पोक्सो कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इतना ही नहीं कोर्ट ने आरोपी को साढ़े दस हजार रुपए का अर्थदंड दण्डित भी किया है। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी विक्रांत राठी व दीपक गौतम ने बताया कि फुगाना थाना क्षेत्र के सरनावली में स्थित एक धार्मिक स्थल में साधु लोकेशनाथ कश्यप रहता था। 12 जुलाई 2023 को एक गांव के 14 वर्षीय बच्चे को हरिद्वार ले जाने के बहाने अपने साथ जगंल में ले गया और आरोपी साधु ने बच्चे के साथ जबरदस्ती कुकर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने बच्चे को रातभर हाथ पैर बांधकर धार्मिक स्थल में ही बंधक बनाए रखा, ताकि बच्चा किसी को घटना की जानकारी ही न दे सके। उसने अगले दिन बच्चे को घर जाने दिया। घर जाकर पीड़ित बच्चे ने अपने साथ घटित घटना की पूरी जानकारी अपने परिजनों को दी, जिस पर परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एडीजीसी विक्रांत राठी ने बताया कि मामले की सुनवाई विशेष पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश अलका भारती की कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की कैद व साढ़े दस हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया है।

# चमोली में भारी भूस्खलन, 200 मजदूरों की जान खतरे में, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



चमोली, 2 अगस्त (एजेंसी)। उत्तराखंड के चमोली जिले में आज एक बड़ा भूस्खलन हुआ है। चमोली के हेलंग डैम साइट पर भूस्खलन की घटना ने पूरे इलाके को हिला दिया। घटना के वक्त करीब 200 मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से कई घायल हो गए हैं। इस खतरनाक घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पहाड़ी से तेजी से मलबा गिरते हुए देखा जा सकता है। इसके अलावा, पीपलकोटी में स्थित विष्णुगाड हाइड्रो प्रोजेक्ट की डैम साइट पर भी एक बड़ा पत्थर टूटकर गिर पड़ा। घटना के दौरान वहां काम कर रहे मजदूरों ने खतरे को महसूस कर भागकर अपनी जान बचाई। राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा टीम मौके पर मौजूद हैं और घायल मजदूरों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिशें जारी हैं। उत्तराखंड के चमोली जिले में हुए भूस्खलन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे डैम के ऊपर से बड़ी चट्टानें भरभराकर गिरने लगीं। इसमें कई मजदूरों को अपनी जान बचाने के लिए भागते हुए भी देखा जा सकता है। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई।

**श्रद्धांजलि सभा**

कबीरा जब हम आए जगत में, जग हंसा हम रोए।
ऐसी करनी कर चलें, हम हँसें जग रोए ।।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती मिथलेश गोयल** की सांसारिक यात्रा, दिनांक 22 जुलाई, 2025 को पूर्ण हो गई थी। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

उनकी आत्मिक शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा (रस्म पगड़ी) दिन-रविवार, दिनांक 3 अगस्त, 2025 को आयोजित होगी।

| | |
|---|---|
| यज्ञ (निज निवास) | 8:00 बजे प्रातः |
| ब्रह्मभोज | 12.00 बजे दोपहर |
| श्रद्धांजलि सभा (रस्म पगड़ी) | 02.00 बजे अपराह्न |

कार्यक्रम स्थल : आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर।

शोकाकुल परिवार :-
महेंद्र कुमार गोयल (पति)
संजय कुमार गोयल - अंजु गोयल, अजय कुमार गोयल - वंदना गोयल (पुत्र-पुत्रवधू)
श्वेता गर्ग-अनीष गर्ग (पुत्री - दामाद), वैभव गोयल - झलक गोयल (पौत्र-पौत्रवधू)
दिवाकर गोयल (पौत्र), देवांश गर्ग (दौहित्र) एवं समस्त गोयल परिवार

प्रतिष्ठान:-
मैसर्स कमर्शियल मोटर स्टोर्स (भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप), निकट ईदगाह चौराहा, शामली रोड, मुजफ्फरनगर
मैसर्स ल्यूब पॉइंट, शामली रोड, मुजफ्फरनगर
मैसर्स महिंद्रा डिस्ट्रीब्यूटर्स, शामली रोड, मुजफ्फरनगर
मैसर्स गर्ग एंड गोयल एसोसिएट्स, शामली रोड, मुजफ्फरनगर
मैसर्स हाइलेक्स प्लास्टो प्रिंटर्स, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

निज निवास :- 'स्वाध्याय सदन', भरतिया कॉलोनी, पीपल वाली गली, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M: 9837034779, 9319411722, 8439379358

